# भारत मिशन के अर्न्तगत स्कूल एवं कालेज में ''क्विज वीक'' सप्ताह दिनांक 15–22 जुलाई 2015

Nagar Nigam, Bareilly

# स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्कूल एवं कालेज में दिनांक 15–22 जुलाई 2015 के सप्ताह में ''क्विज वीक''

निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय के पत्र संख्या 01/SBM/2015 दिनांक 14 जुलाई 2015 के क्रम में स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्कूल एवं कालेज में दिनांक 15–22 जुलाई 2015 के सप्ताह में ''क्विज वीक'' मनाये जाने निर्देश प्राप्त हुआ। स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत प्रचार प्रसार के तहत दिनांक 15–22 जुलाई 2015 को स्वच्छ भारत थीम पर स्कूल एवं कालेज में क्विज प्रतियोगिता, वाद –विवाद प्रतियोगिता आयोजित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम को 3 स्कूल में आयोजित किया गया । जो निम्न हैः–

- तिलक इन्टर कालेज, बरेली
- कस्तूरबा नगर निगम बालिका इन्टर कालेज, बरेली
- मौलाना आजाद इन्टर कालेज, बरेली

**<u>दिनांक 21.07.2015 को कस्तूरबा नगर निगम बालिका इन्टर कालेज, बरेली</u>**

श्रीमती रश्मि जायसवाल, प्रधानाचार्या, कस्तूरबा नगर निगम बालिका इन्टर कालेज, बरेली द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत भाषण प्रतियोगिता के शुरू करने से पहले वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें श्रीमती संगीता गुप्ता, कर निर्धारण अधिकारी एवं प्रबन्धक, कस्तूरबा नगर निगम बालिका इन्टर कालेज, श्री उत्तम कुमार वर्मा, पर्यावरण अभियन्ता, नगर निगम बरेली एवं प्रधानाचार्या द्वारा वृक्षारोपण किया गया।




श्रीमती संगीता गुप्ता, कर निर्धारण अधिकारी वृक्षारोपण करते हुए




श्री उत्तम कुमार वर्मा, पर्यावरण अभियन्ता एवं प्रधानाचार्या वृक्षारोपण करते हुए




वृक्षारोपण के पश्चात् दीप प्रजविवलत कर कार्यक्रम को शुरू किया गया। स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम एवं क्विज वीक सप्ताह पर श्री अविरल सक्सेना, पब्लिक हैल्थ इंजीनियर/ पर्यावरण विशेषज्ञ सिटी आर0 पी0 एम0 सी0, नगर निगम, बरेली द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया तथा छात्राओं को स्वच्छ भारत मिशन की पृष्ठभूमि, उसके उद्देश्य एवं कार्यो के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध कराई गई।

इसके बाद कक्षा 12 की छात्राओं कु0 सोनाली त्यागी, कु0 निशा, कु0 पूजा, कक्षा 11 की कु0 उमा व कु0 प्रीति, कक्षा 10 की कु0 राखी, कक्षा 7 की रंजना एवं कक्षा 6 की छात्रा कु0 आरती द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के सफलता के लिए समाज व स्वयं को स्वच्छ बनाने के लिए भाषण दिया। कक्षा 6 की छात्रा कु0 आरती द्वारा एक बहुत ही अच्छा नारा ठोस अपशिष्ट के लिए दिया जो निम्न हैः–

**'साफ सुथरा मेरा मन**
**देश मेरा सुन्दर हो।**
**प्यार फैले सड़को पर**
**कचरा डिब्बे के अन्दर हो''।।**




कु0 सोनाली त्यागी




कु0 पूजा,




कु0 निशा,




कु0 उमा




कु0 प्रीति,




कु0 आरती




कु0 राखी




अध्यापिका डा0 मोनिका देव




अध्यापिका श्रीमती सीमा सिंह







अध्यापिका श्रीमती कुमकुम          श्री उत्तम कुमार वर्मा, पर्यावरण अभियन्ता









छात्राओं के भाषण प्रतियोगिता के बाद कालेज की अध्यापिकाओं डा0 मोनिका देव, श्रीमती सीमा सिंह एवं श्रीमती कुमकुम सक्सेना द्वारा भी स्वच्छ भारत मिशन पर अपने सशक्त विचार प्रस्तुत किए तथा बच्चों को स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रतिज्ञा भी दिलाई।

प्रधानाचार्या द्वारा छात्राओं के चयन के लिए तीन अध्यापिकाओं डा0 मोनिका देव, श्रीमती सीमा सिंह एवं श्रीमती सुधा सिंह का पैनल बनाया गया जिनके द्वारा भाषण प्रतियोगिता के लिए छात्राओं को निम्नानुसार पुरूस्कार प्रदान किए गए:–

1. कु0 सोनाली त्यागी– प्रथम
2. कु0 निशा– द्वितीय
3. कु0 प्रीति– तृतीय
4. कु0 रंजना– सांत्वना पुरूस्कार
5. कु0 उमा– सांत्वना पुरूस्कार

छात्राओं को पुरूस्कार वितरण श्रीमती रश्मि जायसवाल, प्रधानाचार्या, कस्तूरबा नगर निगम बालिका इन्टर कालेज, बरेली, श्रीमती संगीता गुप्ता, प्रबन्धक, कस्तूरबा नगर निगम बालिका इन्टर कालेज, श्री उत्तम कुमार वर्मा, पर्यावरण अभियन्ता द्वारा प्रदान किए गए। कार्यक्रम में 93 छात्राओं एवं 10 अध्यापिकाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## दिनांक 22.07.2015 को मौलाना आजाद नगर निगम इन्टर कालेज, बरेली

श्री मुकेश दिवाकर, प्रधानाचार्य, मौलना आजाद नगर निगम इन्टर कालेज, बरेली द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत क्विज प्रतियोगिता के शुरू करने से सभी अतिथियों एवं छात्रों का स्वागत किया गया तत्पश्चात् श्री ईश शक्ति कुमार सिंह, उप नगर आयुक्त द्वारा छात्रों को स्वच्छ भारत मिशन पर अपने विचार व्यक्त किए व श्री उत्तम कुमार वर्मा, पर्यावरण अभियन्ता, नगर निगम बरेली द्वारा भी बच्चों को नगर निगम की आगामी योजना Door to Door Collection पर अवगत कराया एवं श्री अविरल सक्सेना, पब्लिक हैल्थ इंजीनियर/ पर्यावरण विशेषज्ञ सिटी आर0 पी0 एम0 सी0, नगर निगम, बरेली द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया तथा छात्राओं को स्वच्छ भारत मिशन की पृष्ठभूमि, उसके उद्देश्य एवं कार्यो के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध कराई गई।







श्री ईश शक्ति कुमार सिंह, उप नगर आयुक्त अपने विचार व्यक्त करते हुए






श्री ईश शक्ति कुमार सिंह, उप नगर आयुक्त छात्रों को पुरूस्कृत करते हुए






प्रस्तुतीकरण के पश्चात् लाइब्रेरी कक्ष में उपस्थित सभी छात्रों से प्रश्नोत्तर सत्र शुरू किया गया।

प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता के लिए छात्रों को निम्नानुसार पुरूस्कार प्रदान किए गएः–

1. श्री वसीम – प्रथम
2. श्री नोमान अली– द्वितीय
3. श्री अंकुश श्याम– सांत्वना पुरूस्कार
4. मो0 अफसान– सांत्वना पुरूस्कार
5. श्री करन– सांत्वना पुरूस्कार
6. श्री विलाल शेख– सांत्वना पुरूस्कार
7. श्री रवि गंगवार– सांत्वना पुरूस्कार

छात्राों को पुरूस्कार वितरण श्री ईश शक्ति कुमार सिंह, उप नगर आयुक्त, श्री उत्तम कुमार वर्मा, पर्यावरण अभियन्ता, नगर निगम बरेली, श्री मुकेश दिवाकर, प्रधानाचार्य, मौलना आजाद नगर निगम इन्टर कालेज, द्वारा प्रदान किए गए। कार्यक्रम में 91 छात्रों एवं 12 अध्यापक द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## दिनांक 22.07.2015 को तिलक इन्टर कालेज, बरेली

डा0 हरीओम मिश्रा, प्रधानाचार्य, तिलक इन्टर कालेज, बरेली द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत बहुविकल्पीय प्रश्न प्रतियोगिता के शुरू करने से सभी अतिथियों एवं छात्रों का स्वागत किया गया तत्पश्चात् श्री विकास सैन, सहायक नगर आयुक्त द्वारा छात्रों को स्वच्छ भारत मिशन पर अपने विचार व्यक्त किए व बच्चों को नगर निगम की आगामी योजना Door to Door Collection पर अवगत कराया एवं श्री अविरल सक्सेना, पब्लिक हैल्थ इंजीनियर/ पर्यावरण विशेषज्ञ सिटी आर0 पी0 एम0 सी0, नगर निगम, बरेली द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया तथा छात्राओं को स्वच्छ भारत मिशन की पृष्ठभूमि, उसके उद्देश्य एवं कार्यो के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध कराई गई।





**श्री विकास सैन, सहायक नगर आयुक्त, विचार व्यक्त करते हुए**

प्रस्तुतीकरण के पश्चात् उपस्थित सभी छात्रों से बहुविकल्पीय प्रश्न प्रतियोगिता सत्र शुरू किया गया।



**छात्र प्रश्न पत्र को करते हुए**










बहुविकल्पीय प्रश्न प्रतियोगिता के लिए छात्रों को निम्नानुसार पुरूस्कार प्रदान किए गएः–

1. श्री सूरज प्रकाश – प्रथम पुरूस्कार
2. श्री मो0 असलम– प्रथम पुरूस्कार
3. श्री ऐशवर्य दीक्षित– द्वितीय पुरूस्कार
4. श्री अर्पित मिश्रा– द्वितीय पुरूस्कार
5. श्री आरिश अंसारी– द्वितीय पुरूस्कार
6. श्री शाहिद अली– द्वितीय पुरूस्कार
7. श्री विभु ठाकुर– द्वितीय पुरूस्कार
8. श्री सूरज मिश्रा– द्वितीय पुरूस्कार

छात्रों को पुरूस्कार वितरण श्री विकास सैन, सहायक नगर आयुक्त, डा0 हरिओम मिश्रा, प्रधानाचार्य, तिलक इन्टर कालेज, द्वारा प्रदान किए गए। कार्यक्रम में 97 छात्रों एवं 08 अध्यापक द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## <u>स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम की सूचना संक्षेप में</u>

1. भाग लेने वाले नगरीय निकायों की संख्या– एक (नगर निगम, बरेली)
2. प्रतियोगिता में भाग लेने वाले स्कूलो की सख्या– शून्य
3. प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कालेजों की संख्या–तीन
4. प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों एवं युवाओं की संख्या–311 (281 छात्र/छात्रा एवं 30 अध्यापक)
5. पुरूस्कार वितरण के सम्बन्ध में– 20 छात्र/छात्राओं एवं तीन शिक्षक को पुरूस्कृत किया गया (पूर्ण आख्या संलग्न)

**(अविरल सक्सेना)**
पब्लिक हैल्थ इंजीनियर/ पर्यावरण विशेषज्ञ
सिटी आर0 पी0 एम0 सी0,
नगर निगम, बरेली